प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

18.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पीएम–किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करेंगे, जिससे 9 करोड़ .26 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि सखियों के रूप में स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे।

केबिनेट

लोकसभा चुनाव और पहले चरण के विधानसभा उपचुनाव के बाद शिमला में आज प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश में विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने से संबंधित निर्णय लिए जा सकते हैं। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन स्कूलों में छुट्टियों का शेड्यूल बदलने और मॉनसून सीजन की तैयारियों पर चर्चा हो सकती है। इसके अलावा बैठक में विधानसभा की तीन सीटों पर होने वाले उपचुनाव पर भी चर्चा होगी।

उपचुनाव

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है। इन चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने कल हमीरपुर और नालागढ़ सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने हमीरपुर से डॉक्टर पुष्पेन्द्र वर्मा जबकि नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा को प्रत्याशी बनाया है। फिलहाल देहरा सीट पर उम्मीदवार को लेकर मंथन जारी है। इस बीच भाजपा पहले ही इन तीनों सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। भाजपा ने हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से के.एल ठाकुर जबकि देहरा से होशियार सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे।

इस बीच हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान हमीरपुर के गांधी चौक पर विशेष जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा।

अनुराग

इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आज से दो दिवसीय हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस दौरान वे जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लेंगे। अनुराग ठाकुर आज हमीरपुर के गांधी चौक में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा वे कल 19 जून को समीरपुर और सोलन के नालागढ़ में जनता व कार्यकर्त्ताओं से भेंट करेंगे।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जीवन में खेलों का बहुत महत्व है और यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग भी है। उन्होनें कल शिमला में कुफरी के समीप चियोग में आयोजित राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भी इस शूटिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे है। इस अवसर पर उन्होनें राइफल ट्रैप शूटिंग में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

उत्सव

कुल्लू के लाल चंद प्रार्थी कला केन्द्र में 47वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव आज से शुरू होने जा रहा है। इस चार दिवसीय उत्सव में कई सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि इस उत्सव में कुल्लू ज़िले के 40 स्कूलों के करीब डेढ़ हज़ार बच्चे लोक संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे।

इस बीच शिमला में इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की धूम है। इस उत्सव के दौरान लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा अन्य गतिविधियों का भरपूर आनंद ले रहे हैं। 4 दिवसीय इस ग्रीष्मोत्सव के आखिरी दिन आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यतिथि होंगे। यह सांस्कृतिक संध्या चिल्ड्रेन ऑफ द स्टेट के नाम रहेगी जिसमें बच्चों की प्रस्तुतियां भी शामिल रहेंगी। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध पंजाबी गायक दलेर मेहंदी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान महानाटी का भी आयोजन किया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में जल स्त्रोत भी सूखने लगे हैं। राज्य के कई स्थानों सहित शिमला शहर में भी लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में पानी की कमी को लेकर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल शिमला में कहा कि सम्बधित विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को फील्ड में उतार दिया गया है और सभी की छुट्टियां रद्द करने के आदेश दिए गए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई पी एच की 10 हजार 67 स्कीमें है जिनमें से 1 हजार 7 सौ 67 स्कीमों का पानी गर्मी के कारण काफी निचले स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी पानी की नियमित बहाली सुनिश्चित की जा रही है। टैंकर के माध्यम से भी लोगों को पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ताकि लोगों को ज्यादा दिक्कतें न हो।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मौसम की खबर को **अमर उजाला** ने शीर्षक दिया है **नाहन में 29 साल बाद तापमान 40 डिग्री–कल से हिमाचल में बारिश होने के आसार। हिमाचल दस्तक** ने लिखा है **कहीं भीषण गर्मी, तो कहीं बरसीं बौछारें। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी और 4 जिलों में बारिश से पारा 3 डिग्री तक गिरा, कल से प्री मानसून।**

पंजाब केसरी प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है जल स्त्रोतों के आसपास कूड़े–कचरे की डपिंग रोकने के ठोस उपाय हों। जबकि दिव्य हिमाचल के मुताबिक **बद्दी–बरोटीवाला में भू–जल प्रदूषण का पता लगाए सरकार।**

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **कंडाघाट में दिव्यांग जनों के लिए स्थापित होगा सेंटर ऑफ एक्सीलैंस।**